12.05.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई से 5 देशों की यात्रा पर, संयुक्त अरब अमीरात से करेंगे शुरुआत, ऊर्जा सहयोग और व्यापार पर होगी चर्चा।

- लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त कल होगी जारी, 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में ट्रांसफर होंगे 1 हजार 835 करोड़ से ज्यादा रुपये।

- भोपाल में इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव, ईवी और रिन्यूएबल एनर्जी समेत कई क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर हुई चर्चा।

- कुछ ही देर में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने सामने होंगे सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस।

पीएम मोदी 5 देशों की यात्रा पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 20 मई के बीच संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यात्रा की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात से होगी।

लाडली बहना- 36वीं किश्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव से लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से ज्यादा महिलाओं के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 1 हजार 835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की जाएगी। योजना की शुरुआत में महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते थे, जो अब बढ़कर 1,500 रुपये प्रतिमाह हो गए हैं।

## ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक

भारत 14 और 15 मई को ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा, जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। बैठक में शामिल विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे और वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

## भोपाल- 'इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव

मध्यप्रदेश और फ्रांस के बीच निवेश और कारोबारी संबंध मजबूत करने के मकसद से आज भोपाल में 'इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम मंत्री चैतन्य कश्यप और भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ समेत फ्रांस की कई बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कॉन्क्लेव में ईवी, रिन्यूएबल एनर्जी और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

## हिमंता बिस्व सरमा, सीएम की शपथ

भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमंता बिस्व सरमा ने आज लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गुवाहाटी के खानापारा मैदान में हुए इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। उनके साथ चार मंत्रियों ने भी शपथ ली, जिनमें भाजपा, असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के नेता शामिल हैं।

## 'हर घर योग', 21 जून तक

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के आयुष विभाग ने 'योग से आरोग्यता की ओर' थीम पर 21 जून तक विशेष अभियान चलाने की पहल की है। 'हर घर योग' के इस अभियान का मकसद हर घर तक योग को पहुंचाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## NEET UG परीक्षा रद्द

3 मई को हुई NEET UG 2026 परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गई है और अब इस मामले की जांच CBI करेगी। करीब 23 लाख छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। हालांकि इन छात्रों को न नया आवेदन करना होगा और न ही दोबारा फीस भरनी होगी, बल्कि पहले दी गई फीस भी वापस की जाएगी।

## साइबर धोखाधड़ी रोकथाम

साइबर अपराधों और बैंकिंग धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और रिजर्व बैंक इनोवेशन हब के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत संदिग्ध लोगों का डेटा AI सिस्टम को दिया जाएगा, जो उन बैंक खातों को पकड़ेगा जिनका इस्तेमाल साइबर ठग ठगी की रकम इधर-उधर करने के लिए करते हैं।

## धार भोजशाला -हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में धार भोजशाला प्रकरण की अंतिम सुनवाई आज पूरी हो गई। करीब दो घंटे की बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुस्लिम पक्ष ने एएसआई की 98 दिनों की सर्वे रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि वैज्ञानिक रूप से अभी तक यह सिद्ध नहीं हुआ कि यह स्थल मंदिर है या मस्जिद। वहीं हिंदू पक्ष ने सर्वे और ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर भोजशाला को वाग्देवी मंदिर बताते हुए पूर्ण अधिकार की मांग की है।

## गेहूं उत्पादन 365 लाख मीट्रिक टन

इस साल प्रदेश में गेहूं का उत्पादन 365 लाख मीट्रिक टन तक पहुँच गया है, जो देश के कुल उत्पादन का 18 फीसदी है। भारत से होने वाले कुल गेहूं निर्यात में प्रदेश की हिस्सेदारी 35 से 40 फीसदी है और शरबती व डयूरम गेहूं की माँग अमेरिका, जर्मनी, इटली और दुबई जैसे देशों में बनी हुई है। प्रदेश में इस बार गेहूँ खरीदी का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन रखा गया है और

किसानों को 2 हजार 625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। वहीं गेहूं खरीदी भी 23 मई तक जारी रहेगी।

## सरकारी भवनों में लगेंगे सोलर पैनल

प्रदेश में सरकारी भवनों की छतों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने के लिए शासकीय संस्थाओं और रेस्को विकासक इकाइयों के बीच विद्युत क्रय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। रेस्को पद्धति के तहत सरकारी विभागों को बिना किसी निवेश के 3 रुपए 78 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी और पहले दिन से बचत शुरू हो जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## जबलपुर: हाईकोर्ट जज साइकिल से पहुंचे अदालत

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ के न्यायमूर्ति डीडी बंसल आज अपने सरकारी आवास से तीन किलोमीटर साइकिल चलाकर अदालत पहुंचे। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो सभी को साइकिल चलाकर पेट्रोल-डीजल की बचत करनी चाहिए और यह पर्यावरण व देशहित से जुड़ा विषय है। उनके साथ कुछ अदालती कर्मचारियों ने भी साइकिल से आने की पहल की।

## देवास -20 लाख लीटर पानी का होगा संचयन

देवास जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मोरूखेड़ी ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर काम किया गया है। पहाड़ी पर एक हेक्टेयर क्षेत्र में 350 कंटूर ट्रेंच बनाई गई हैं. प्रशासन का दावा है कि इससे हर साल करीब 13 लाख लीटर बारिश का पानी इकट्ठा किया जा सकेगा। इसके अलावा 3 पेरकोलेशन टैंक, 2 डगवेल, 5 रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं, 1 बोरिंग रिचार्ज और 2 चेक डेम भी बनाए गए हैं, जिनसे 7 लाख लीटर अतिरिक्त जल संचयन होगा।

बच्चों के लिए नया पाठ्यक्रम

एनसीईआरटी और सीबीएसई ने मिलकर कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित नया पाठ्यक्रम शुरू किया है। गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा और स्कूल खुलने के बाद पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसके अलावा कक्षा 9 से 12 तक के लिए भी AI की पाठ्यपुस्तकें तैयार की जा रही हैं।

आईपीएल

आईपीएल में अब से कुछ देर बाद अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों के 11-11 मैच में 14-14 पॉइंट्स हैं। आज जीतने वाली टीम सीधे पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

- गुना, झाबुआ और बैतुल में जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। कलेक्टर ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।
- आगरमालवा में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य में नलखेड़ा ग्रामीण के सर्किल-20 ने तय समय से पहले शत प्रतिशत काम पूरा किया।
- खंडवा में प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अधिकारियों को ईंधन बचाने के लिए काफिले में केवल जरूरी वाहन रखने के निर्देश दिए।
- देवास में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा 20 जून को रवाना होगी, जिले को 196 सीटों का कोटा मिला है।
- श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क में जन्मी मादा चीता के चारों शावक मृत पाए गए, सुबह मॉनिटरिंग टीम को डेन साइट के पास शव मिले।
- शहडोल में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।